# के म शि सं प्रौद्योगिकी जागरूकता कार्यक्रम

# 5 दिसंबर, 2022

**उद्देश्य: के म शि सं प्रौद्योगिकी के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता लाना**

राष्ट्रीय कृषि नवाचार कोष (एनएआईएफ) - संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आईटीएमयू), एवं कृषि-व्यवसाय ऊष्मायन केंद्र (एबीआई) ने 5 दिसंबर, 2022 को मत्स्य पालन विभाग, पालघर में "सीआईएफई प्रौद्योगिकी जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया। डॉ. ए.के. बालंगे, प्रभारी - आईटीएमयू एवं ; प्रधान वैज्ञानिक, मत्स्य संसाधन प्रग्रहण एवं प्रग्राहनोपरांत प्रबंधन विभाग ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम, संस्थान एवं amp एआरबीके बारे मे सभी को जानकारी प्रदान की ।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री दिनेश पाटिल (मत्स्य पालन के सहायक आयुक्त, पालघर) ने की, जहाँ उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम के लिए पहले सहयोग के लिए आईसीएआर - सीआईएफई और उनकी टीम की सराहना की। डॉ. कपिल सुखदाने, (वैज्ञानिक, जलकृषि ) ने "केज कल्चर का परिचय" तथा डॉ. ए.के. बालंगे (प्रभारी अधिकारी, आईटीएमयू) ने "सीआईएफई टेक्नोलॉजीज एंड इंट्रोडक्शन टू द एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन (एबीआई)" विषय पर एक व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम से कुल 35 प्रतिभागी लाभान्वित हुए जो मछुआरों, झींगा और मत्स्य किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों का एक संयुक्त समूह था। मत्स्य विभाग के सभी अधिकारी भी इस कार्यक्रम के हिस्सा थे, जिन्हें भी CIFE के पास उपलब्ध विभिन्न तकनीकों के बारे में फर्स्ट हैंड जानकारी मिला ।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गौरी एम.एच. (आरए, आईटीएमयू)ने दिया , जहां उन्होंने श्री दिनेश पाटिल (एसीएफ, पालघर) एवं पालघर के एएफडीओ को सभी सुविधाएं प्रदान करने और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया।


ICAR-Central Institute of Fisheries Education (CIFE)
Versova, Mumbai - 400 061
"मच्छीमार आणि
सिफे तंत्रज्ञान
उपक्रम"
ठिकाण : पालघर